प्रादेशिक समाचार
07.12.2024 (दोपहर–1455 बजे)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज झारखंड और ओडिसा को जोड़ने वाली बूढ़ामरा– चाकुलिया समेत तीन रेल लाइनों की आधारशिला रखी। इनमें बांगड़ीपोसी से गौमाहीसानी और बड़मपहाड़ से केंदूझारगढ़ रेल लाइन भी शामिल हैं। इस मौके पर श्रीमती मुर्मू ने कहा कि इन नई रेल लाइनों के शुरू होने से बेहतर कनेक्टिविटी से इन क्षेत्रों में नए व्यावसायिक अवसर खुलेंगे और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

*****************

झारखंड समेत पूरे देश में आज सशस्त्र झंडा दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन सैनिकों और पूर्व सैनिकों के सम्मान के लिए समर्पित है। इस दिवस की शुरुआत 7 दिसंबर 1949 को हुई थी और इसका मुख्य उदेश्य सशस्त्र सेना के कल्याण के लिए धन इकट्ठा करना है।

*****************

केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री धर्मेन्द्र प्रधान आज से झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने आज रांची स्थित राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल और केन्द्रीय मंत्री के बीच राज्य की शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार विमर्श हुआ।

*****************

केन्द्र सरकार ने पांच हजार 872 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से झारखंड समेत देशभर में 85 केन्द्रीय विद्यालय खोलने का लिया निर्णय लिया है। साथ ही दो हजार 359 करोड 82 लाख रुपये की लागत से 28 नवोदय विद्यालय भी खोले जायेंगे। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने इन प्रस्तावों की मंजूरी प्रदान कर दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कैबिनेट के 85 नए केन्द्रीय विद्यालय खोले जाने के फैसले की प्रशंसा की है।

*****************

सुशासन सप्ताह के अंर्तगत 19 दिसंबर से राष्ट्रव्यापी अभियान 'प्रशासन गांव की ओर' शुरू किया जाएगा। यह कार्यक्रम 24 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें देशभर के प्रत्येक जिलों में कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस अभियान में 700 से अधिक जिला अधिकारी भाग लेंगे और अधिकारी तहसीलों तथा पंचायत समिति मुख्यालयों का दौरा करेंगे।

*****************

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ से 50 लाख की रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने के मामले की जांच के लिए दिल्ली पुलिस की टीम आज रांची पहुंची। इस संबंध में रांची के एक वरीय अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस अब इस मामले की जांच कर रही है।
उल्लेखनीय है कि रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ से अपराधियों ने 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी।

*****************

सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के वरिष्ठ आइएएस अधिकारी और रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की याचिका पर सुनवाई करते हुए चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर पक्ष रखने का निर्देश दिया है। मंजूनाथ भजंत्री ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल कर हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें उन्हें चुनाव कार्य से दूर रखे जाने के आदेश दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई सात जनवरी को होगी।

*****************

झारखंड की पोलियो मुक्त स्थिति को बनाये रखने के लिए उच्च जोखिम वाले सात जिलों में कल से पोलियो प्रतिरक्षण अभियान चलाया जाएगा। इन जिलों में बोकारो, देवघर, गिरिडीह, जामताड़ा, पाकुड़, रामगढ़ और साहेबगंज शामिल हैं।

*****************

रांची जिले के राधा रानी कुष्ठ पुनर्वास केंद्र के कुष्ठ पीड़ित किसानों ने तसर की भारी मात्रा में खेती कर समाज में एक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

******************

बंगाल की खाड़ी में बन रहे पश्चिमी विक्षोभ का असर झारखंड में अगले दो दिनों तक रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार आठ और नौ दिसंबर को लगभग सभी जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस दौरान अधिकतम तापमान में कमी आयेगी और न्यूनतम तापमान बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि 10 दिसंबर से इसका असर समाप्त हो जायेगा, जिसके बाद ठंड और बढ़ जायेगी।

***********समाप्त************